मां दुर्गा को आम, खीर व पूड़ी का लगाया भोग

संवाद सूत्र, जागरण • अमरपुर : ओड़ैय जानकीपुर, अमरपुर में आद्रा पर्व के अवसर पर दुर्गा मंदिर में रविवार को भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं की पूजा की गई। मां दुर्गा को आम, खीर और पूड़ी का भोग लगाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां को भोग लगाने के बाद सभी लोगों ने आपस में प्रसाद बांटकर खाया।

आद्रा पर्व के अवसर पर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त • जागरण

संस्कृति और परंपरा : कुणाल घोष ने बताया कि आद्रा पर्व उनकी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें लोग एकत्रित होते हैं और अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं को मनाते हैं। विभिन्न देवताओं की पूजा और अनुष्ठान करते हैं। इस मौके पर राजीव रतन घोष, संजय घोष, मुकेश घोष, निकुंज घोष समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।